एसडीआरएफ लखनऊ सेनानायक डॉ सतीश कुमार: हैम रेडियो एक वरदान, आपदा के समय संचार व्यवस्था (मोबाइल नेटवर्क, इंटरनेट आदि) के बंद होने पर संचार हेतु एक उपयोगी यंत्र की जानकारी समाचार पत्रों में....

आपदाओं के समय SOS संचार से मदद कर रहा हैम रेडियो

लखनऊ (एसएनबी)। शौकिया रेडियो (हैम रेडियो) के प्रशंसक18 अप्रैल को विश्व शौकिया रेडियो दिवस मनाते हैं । 99 साल पहले इसी दिन शौकिया रेडियो संचार को न केवल दोस्ती बढ़ाने के साधन के रूप में बल्कि भूकंप, तूफान, बाढ़ और

- विश्व हैम रेडियो दिवस मना
- राजधानी में 10 और यूपी में हैं कुल 50 लाइसेंस धारक

सुनामी जैसी आपदाओं के समय जब फोन, मोबाइल और इंटरनेट के माध्यम से सामान्य संचार मोड बाधित हो जाते है, तब एसओएस संचार के लिए मान्यता मिली थी।

मो. जुबैर, उत्तर प्रदेश राज्य आपदा मोचन बल के कमांडेंट डॉ. सतीश कुमार (आईपीएस) के साथ अपना हैम रेडियो लाइसेंस दिखाते हुए।

राज्य आपदा बल के कमांडेंट डॉ.सतीश कुमार (आईपीएस) का कहना है कि दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं से प्रभावित लोगों तक आवश्यक जानकारी पहुंचाने के लिए हैम रेडियो के शौकीन समाज के लिए वरदान है, क्योंकि वे आपदाओं के समय में मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहते है। हैम रेडियो के प्रशंसक मोहम्मद जुबैर लाइसेंस धारक है।

जुबैर का कहना है कि इस अनूठे लिंक पर संवाद करते समय हमें जो रोमांच मिलता है, उसके अलावा जरूरत पड़ने पर हम समाज के लिए अपना योगदान देने के लिए हमेशा तैयार रहते है। लखनऊ में इनकी संख्या 10 के करीब है, जबकि पूरे यूपी में इनकी संख्या 50 के आसपास है। 'कभी-कभी, अज्ञात हैम रेडियो लाइसेंस धारकों से संपर्क करना और उनसे दोस्ती करना मजेदार होता है। संपर्क तब होता है जब हमारे हैम रेडियो गैजेट दूसरे लाइसेंस धारकों के गैजेट से सिग्नल से जुड़ते है जब हम किसी खास जगह या शहर से गुजरते है या जाते है।

हैम शब्द का इस्तेमाल हार्वर्ड रेडियो क्लब के कुछ शौकीनों द्वारा संचालित पहले शौकिया वायरलेस स्टेशन के 1908 के स्टेशन कॉल के लिए किया गया था। वे अल्बर्ट एस. हाइमन, बॉब एल्मी और पूगी मरे थे। पहले वे अपने स्टेशन को 'हाइमन-अल्मी-मरे' या हैम कहते थे।